Regarding need to declare Rampur in Uttar Pradesh as a tourist destination

श्री घनश्याम सिंह लोधी **(रामपुर) :** ऐतिहासिक शहर जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश के उत्तराखंड सीमा पर स्थित है और नैनीताल जाने वाले पर्यटक जनपद रामपुर होकर ही जाते हैं । जनपद रामपुर में तमाम ऐतिहासिक इमारतें एवं धार्मिक तीर्थ स्थल भी मौजूद है । यहां की रजा लाइब्रेरी दुनिया की मशहूर लाइब्रेरी में से एक है वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के राजघाट के बाद गाँधी जी की अस्थियों को जनपद रामपुर में लाया गया था इसलिए रामपुर में भी ऐतिहासिक गांधी समाधि है इसके अलावा कोठी खास बाग, जामा मस्जिद सहित कई ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है वहीं धार्मिक सौहार्द की पहचान के रूप में जाने वाला ऐतिहासिक भवरोवा शिव मंदिर 1822 ईस्वी में बनवाया गया था । वही राठोंडा शिव मंदिर भी अपनी ऐतिहासिक पहचान रखता है साथ ही तहसील रामपुर के गांव पंजाब नगर में ऐतहासिक स्वयंभू शिव मंदिर है । वहीं पीपली वन में भी लगभग 200 वर्ष पूर्व का माता का मंदिर है । जनपद रामपुर को पर्यटन क्षेत्र घोषित किया जाए ताकि नैनीताल जाने वाले पर्यटक भी यहां पर घूमने आएंगे जिससे यहां पर रोजगार की भी संभावनाएं बनेगी और पर्यटन स्थल बनने से रामपुर में विकास के साथ-साथ सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी होगी ।